उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर,
लखनऊ–226010

संख्या–153 /319/चार/309/2018 टी0सी0–1
लखनऊ: दिनांक–21 अगस्त, 2019

## आवश्यक सूचना

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ के विज्ञापन संख्या–02–परीक्षा/2019 द्वारा **होम्योपैथिक फार्मासिस्ट (भेषिजिक) (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा– 2019** के अन्तर्गत निदेशक, होम्योपैथी, उत्तर प्रदेश के कुल 420 पदों पर लिखित परीक्षा के माध्यम से चयन हेतु विज्ञापन प्रकाशित कर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।

उक्त विज्ञापन के बिन्द–9 में यह उल्लिखित है कि लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम से यथासमय सूचित किया जायेगा।

तदनुक्रम में आयोग उक्त विज्ञापन संख्या–02–परीक्षा/2019 के अंतर्गत आवदेन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **होम्योपैथिक फार्मासिस्ट (भेषिजिक) (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा– 2019** के अंतर्गत विज्ञापित निदेशक, होम्योपैथी, उत्तर प्रदेश के पदों पर भर्ती हेतु लिखित परीक्षा की परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम संलग्न है।

(बिपिन कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक

## होम्योपैथिक फार्मासिस्ट (भेषजिक) के सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा की परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम

लिखित परीक्षा एक पाली की होगी। प्रश्नपत्र के दो भाग होंगे,जिनमें प्रश्नों की कुल संख्या-150 तथा समयावधि दो घंटा होगी। परीक्षा के प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुवैकल्पिक प्रकार के होंगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा।इस प्रकार अभ्यर्थियों का चयन कुल 150अंको के आधार पर किया जाएगा। लिखित परीक्षा हेतु ऋणात्मक अंक (नेगेटिव मार्किंग) दिये जायेंगे,जो प्रत्येक गलत उत्तर पर उस प्रश्न के पूर्णांक का 1/4अर्थात 25 प्रतिशत अंक होंगे। लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम निम्न प्रकार होंगे :-

### परीक्षा योजना

| क0 सं0 | प्रश्नपत्र भाग | विषय | प्रश्नों की संख्या | निर्धारित कुल अंक | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भाग-1 | सामान्य अध्ययन व सामान्य विज्ञान | 50 | 50 | दो घण्टा |
| 2 | भाग-2 | विषय से संबंधित ज्ञान | 100 | 100 | |
| | | कुल योग | 150 | 150 | |

### पाठ्यकम

### भाग-1 सामान्य अध्ययन व सामान्य विज्ञान

**(क) सामान्य अध्ययन**- भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन तथा भारतीय इतिहास के अन्तर्गत सामाजिक,आर्थिक,राजनैतिक एवं सांस्कृतिक पक्षों की सामान्य जानकारी । भारत एवं विश्व के भौतिक,सामाजिक,आर्थिक एवं राजनैतिक भूगोल की सामान्य जानकारी । भारतीय संविधान,राजनीतिक व्यवस्था,पंचायती राज आदि की सामान्य जानकारी । भारतीय अर्थव्यवस्था, जनसंख्या,पर्यावरण तथा नगरीकरण आदि से संबंधित सामान्य जानकारी । राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय महत्व की सम-सामयिक घटनायें (इसमें खेलकूद के प्रश्न भी सम्मिलित होंगे) भारत में कृषि,कृषि उत्पाद एवं उसके विपणन के संबंध में सामान्य जानकारी । उ0प्र0 पर आधारित विशिष्ट प्रश्न-शिक्षा,संस्कृति,कृषि,जनसंख्या,व्यापार एवं वाणिज्य,उद्योग,सामाजिक प्रथायें आदि से संबंधित प्रश्न पूछे जायेंगे।

**(ख) सामान्य विज्ञान**-सामान्य विज्ञान (जीव विज्ञान,रसायन,भौतिकी) के प्रश्न दैनिक अनुभव तथा प्रेक्षण से संबंधित विषयों सहित विज्ञान के सामान्य परिबोध एवं जानकारी पर आधारित होंगे,जिसकी ऐसे किसी भी सुशिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जा सकती है जिसने वैज्ञानिक विषयों का विशेष अध्ययन नहीं किया हो इसमें भारत के विकास में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की भूमिका व नवीन अन्वेषण,संतुलित आहार,कैलोरी डिस्ट्रीब्यूशन,

प्रोटीन,विटामिन,डायरिया,विटामिन की कमी से होने वाली बीमारियां एवं बचाव, एनीमिया, विभिन्न बीमारियों में भोज्य पदार्थ का महत्व,टीकारण का महत्व,जल चक्र,जल स्रोत के प्रकार,पेयजल गुणवत्ता के मानक,एक्युफर,इलेक्ट्रो मेग्नेटिक रेजिस्टिविटी सर्वेक्षण आदि से संबंधित प्रश्न पूछे जायेंगे।

<u>भाग-2 विषय से संबंधित ज्ञान</u>

1. Scope of knowledge of anatomy and physiology.
2. Structure of cell, function of its components.
3. Classification of joints & elementary knowledge of joints of the body and their functions.
4. Composition of blood, function of blood elements. Blood group and coagulation of blood, brief information regarding disorders of blood.
5. Primary knowledge of various parts of respiratory system and heart.
6. Nature, Scope and short History of Homoeopathy, Brief knowledge about Dr. Hahnemann and his discovery.
7. Introduction of twelve tissue remedies.
8. Pharmacy-Introduction of Homoeopathic Pharmacy, History of Homoeopathic Pharmacy, Branches of Homoeopathic Pharmacy-Their application, different terms used in Homoeopathic Pharmacy.
9. Pharmacopoeia-Introduction to different Pharmacopeia with special reference to homoeopathic pharmacopoeia of India.
10. Concept of health-Homoeopathic concept of health, definition of physical health, mental health, social health, spiritual health, determinates of health, indicators of health, homoeopathic concept of diseases & health, natural history of diseases, the diseases agents, concept of prevention of diseases.
11. Epidemiology- its scope, methods uses, immunization, immunological products and their dose schedule, Principle of disease control.
12. Preparation of Vehicles- Method of preparation of Sugar of Milk, Tablets, Cones. Globules, Pileups, Syrup, Ratified spirit and distilled water.
13. Drug and their abbreviation.
14. Sources of Homeopathic drugs- I. Vegetable kingdom. II. Mineral kingdom, III Animal kingdom, IV Nosodes, V. Sarcodes and VI Imponderabila,VII Collection of drug.
15. Identification, purification and preservation of drug substance.
16. Preparation of Mother tinctures.
17. Potentisation Trituration and succession.
18. Handling and upkeep of medicine, mother tinctures, dilutions and Triturations.
19. Transportation of sick to safe places/hospital method of carrying and injured person.

## विषय से संबंधित ज्ञान का हिन्दी अनुवाद

1. शरीर क्रिया विज्ञान और शरीर रचना विज्ञान के ज्ञान का विस्तार।
2. कोशिकीय संरचना,उसके घटनों के कार्य।
3. संधियों का वर्गीकरण और शरीर के संघियों का प्रारम्भिक ज्ञान तथा उसके कार्य।
4. रक्त का संघटक,रक्त अवयवों के कार्य,रक्त समूह और रक्त का जमना,रक्त के विकार से संबंधित संक्षिप्त जानकारी।
5. हृदय एवं श्वसन तंत्र के विभिन्न भागों का प्रारम्भिक ज्ञान।
6. होम्योपैथिक का संक्षिप्त इतिहास विस्तार एवं स्वरूप,डा0 हेनिमैन और उनकी खोज के बारे में संक्षिप्त जानकारी।
7. बारह टीशू रेमिडीज का परिचय।
8. **भेषज**-होम्योपैथिक भेषज का परिचय,होम्योपैथिक भेषज का इतिहास,होम्योपैथिक भेषज की शाखायें-उनका उपयोग,होम्योपैथिक भेषज में विभिन्न शब्दावली का प्रयोग।

9- **औषधकोश**- भारत के होम्योपैथिक औषधकोश का विशिष्ट संदर्भ के साथ विभिन्न औषधकोशों का परिचय।

10- **स्वास्थ्य की अवधारणा**- स्वास्थ्य का होम्योपैथिक अवधारणा,शारीरिक स्वास्थ्य,की परिभाषा,मानसिक स्वास्थ्य,सामाजिक स्वास्थ्य,आध्यात्मिक स्वास्थ्य,निर्णीत स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य के संकेतों,स्वास्थ्य और रोगों का होम्योपैथिक अवधारणा,रोगों का प्राकृतिक इतिहास,रोगों का कारक,रोगों के रोकथाम की अवधारणा।

11. महामारी विज्ञान का विस्तार,उपयोग के तरीके,टीकाकरण के उत्पाद और उसके नियत खुराक,रोग नियंत्रण का सिद्धान्त।
12. **वाहक का बनना**- शुगर आफ मिल्क,टैबलेट,कोन,ग्लोबूल्स,पिल्स,सिरप,संशोधित स्प्रिट एवं शुद्ध जल को बनाने का तरीका।
13. औषधि और उनके संकेताक्षर।
14. होम्योपैथिक औषधि के स्रोत-1-वनस्पति जगत, 2-खनिज जगत, 3-जीव जन्तु जगत, 4- नोस्नोड, 5- सारकोड,6-इमपोन्डेबिलिया, 7-औषधि संग्रह
15. औषधि पदार्थ का संरक्षण,शुद्धीकरण और पहचान।
16. मदर टिंचर को तैयार करना।
17. शक्तिरण,विचूर्णन,संकसेशन(तनुकरण)
18. मदर टिंचर,तनुकरण,विचूर्णन और औषधियों का प्रबंधन एवं अनुरक्षण।
19. रोगी को सुरक्षित जगह पहुंचाना,घायल व्यक्ति को अस्पताल तक ले जाने का तरीका।